# कार्यालय–निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

क्रमांक :–शिविरा / माध्य / छाप्रोप्र / स–2 / 60115 / इन्सपायर अवार्ड / 2017–18 / दिनांक : 31/01/18

**1.समस्त उप निदेशक(माध्यमिक शिक्षा)**
**2.समस्त जिला शिक्षा अधिकारी(माध्यमिक प्रथम / द्वितीय)**

**विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक सत्र 2017–18 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी सम्पादित करने का दिनांक वार एवं जिलेवार कार्यक्रम**

**प्रसंग :– विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का पत्र क्रमांक 12011 / 74 / 2017–IAD दिनांक 02.01.2018**

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक के क्रम मे लेख है कि वर्ष 2017–18 के लिए इन्सपायर अवार्ड के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची ई–एम.आई.ए.एस. पोर्टल के जिला लोगिन पर उपलब्ध करवा दी गई है, आप अपने जिले की सूची डाउन लोड कर मुद्रित कर लेवें। राजस्थान राज्य में 834 विद्यार्थियों को एवार्ड के लिए चुना गया है।

आप सभी को पहले से अवगत है कि इन्सपायर अवार्ड स्कीम का स्वरूप बदल दिया गया है अब यह स्कीम इन्सपायर अवार्ड–मानक के नाम से क्रियान्वित होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली की इन्सपायर अवार्ड योजना के अन्तर्गत वर्ष 2017–18 में आयोजनीय इन्सपायर आवर्ड जिला स्तर एवं राज्य स्तर प्रदर्शनियों हेतु संलग्न सूची अनुसार तिथियां निर्धारित की जाती है(सूची संलग्न)।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली की इन्सपायर अवार्ड योजना के अन्तर्गत सत्र 2017–18 में आयोजनीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनियों (जिल स्तर एवं राज्य स्तर) हेतु निम्नांकित निर्देश जारी किए जाते हैं :–

1. **विद्यार्थियों हेतु** :–

- इन्सपायर अवार्ड के अन्तर्गत 2017–18 में रू. 5000 का वारंट प्राप्त प्रत्येक 834 छात्र / छात्राओं को जिला स्तर की इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में भाग लेना आवश्यक है।
- वे छात्र / छात्र जिन्हें गत सत्र 2016–17 में रू. 5000 का वारंट प्राप्त हो गया था परन्तु जिन्होने जिला स्तर की इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में भाग नहीं लिया उन्हें भी इस वर्ष जिला स्तर पर भाग लेना है।
- समस्त विद्यार्थियों को उनके विद्यालय से जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी आयोजना स्थल तक आने–जाने हेतु उनको दी गई 5000 रू की प्रोत्साहन राशि में यात्रा भत्ता की राशि सम्मिलित है।
- विदित रहे कि यह राशि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान की गई है। इस राशि का उपयोग विज्ञान विषय में अपने मौलिक विचारों की अभिव्यक्ति हेतु विद्यार्थियों द्वारा इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के माध्यम से करना होता है।
- जिलास्तर की इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ रहे 5 से 10 प्रतिशत प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड पद्रर्शनी के लिए किया जावेगा। चयनित समस्त प्रतिभगियों को राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड पद्रर्शनी में भाग लेना अनिवार्य होगा।

2. **जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक प्रथम / द्वितीय हेतु** :–

- जिला स्तर पर इन्सपायर अवार्ड योजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक–प्रथम होगा। यह अपने जिले के समस्त विद्यालय जिनमें कक्षा 06 से 10 के मध्य की कक्षाएं संचालित हो रही है

www.rajteachers.com

में वर्तमान में अध्ययनरत एवं इन्सपायर अवार्ड योजना के अन्तर्गत रू. 5000 का वारंट प्राप्त विद्यार्थियों की सूची डाउनलोड करेगा। इस वर्ष प्रदर्शनी की तिथियां विलम्ब से घोषित होने एवं राज्य भर में अवार्डी विद्यार्थियों की संख्या मात्र 834 होने के कारण जिला इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी सम्पूर्ण मण्डल के जिलों को एक जिला मुख्यालय पर एकत्र कर आयोजित की जानी है। मण्डल के आयोजक जिले का नाम संलग्न कार्यक्रम में अंकित कर दिया गया है। तद्नुसार आयोजन सुनिश्चित करें। मण्डल उप निदेशक व्यक्तिशः इसकी मॉनिटरिंग करेंगे।

- समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–प्रथम) एवं उनके अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शैक्षिक प्रकोष्ठ की व्यक्तिशः जिम्मेदारी रहेगी कि वे अपने जिले के अवार्डी विद्यार्थियों को अनिवार्यतः मण्डल स्तर पर निर्धारित आयोजक जिले में जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के निर्धारित स्थल पर समूह के रूप में प्रभारी अध्यापक/अध्यापिकाओं को नियुक्त करते हुए उनके साथ भिजवाना सुनिश्चित करेंगे।
- इस वर्ष जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी में जूरी सदस्यों में एन.आई. एफ. (नेशनल इनोवेशन फाउण्डेशन) के वैज्ञानिक भी सम्मिलित होंगे अतः उन्हें प्रदर्शनी में यथोचित स्थान प्रदान करने की जिम्मेदारी आयोजक जिले के जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–प्रथम) की रहेगी।
- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के लिए आयोजन समिति का गठनः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक–प्रथम) आयोजक जिला | संयोजक |
| 2. | अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी(शैक्षिक प्रकोष्ठ) आयोजक जिला | सदस्य |
| 3. | जिला स्तरीय कार्याकारी समिति में प्रधानाचार्य आयोजक जिला | सदस्य |
| 4. | सहायक लेखाधिकारी (जिशिअ माध्यमिक) आयोजक जिला | सदस्य |
| 5. | आयोजक विद्यालय का प्रधानाचार्य | सदस्य सचिव |

- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी जिला मुख्यालय पर ऐसे प्रतिष्ठित विद्यालय में आयोजित की जाए जिसमें प्रदर्शनी आयोजन हेतु पर्याप्त बडा हॉल, बडे कमरे हों। जिससे टेन्ट आदि लगाने की आवश्यकता नहीं रहे। अन्य सुविधाएं यथा स्वच्छ पानी, स्नानागार, शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने–सोने आदि की उचित व्यवस्था हो, जो शहर के मध्य में प्रमुख स्थल पर स्थित हो जहां आसानी से पहुंचा जा सके। जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी हेतु तय किए गए स्थान की सूचना 03 दिवस मे इस प्रारूप में निदेशालय को अनिवार्यतः देवें।

**आयोजन स्थल की सूचना**

| क्र.सं. | जिला का नाम | प्रदर्शनी आयोजन केन्द्र /विद्यालय का पूरा नाम व पता/ई–मेल पता मय संस्था के दूरभाष/मो.नं. | संस्था प्रधान का पूरा नाम व मोबाईल नं/ ई–मेल पता | भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधिकारी

- जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् जिला स्तर पर भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी विद्यार्थी का विवरण, उनके द्वारा बनाए गए मॉडल के फोटोग्राफ सहित निम्न प्रारूप मे निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को 03 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

www.rajteachers.com

जिला :..................................

जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थी

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | आईडिया/ मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के साथ विद्यालय से आए शिक्षक/ शिक्षिका का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधिकारी

- जिला स्तर पर प्रत्येक जिले के कुल प्रतिभागियों की संख्या के 05 से 10 प्रतिशत तक सर्वश्रेष्ठ चयनित सम्भागी राज्य स्तर प्रदर्शनी में भाग लेंगे। संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी जिला स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् चयनित विद्यार्थियों की सूची निम्न प्रारूप में प्रत्येक छात्र की दो रंगीन फोटो एवं प्रस्तुत आईडिया / मॉडल का रंगीन फोटो उपनिदेशक (माध्यमिक शिक्षा) पाली को 03 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

जिला :..................................

<u>राज्य स्तरीय प्रदर्शनी हेतु चयनित विद्यार्थी</u>

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | विद्यार्थी के घर का पता/ ई–मेल पता एवं मोबाईल नं. | आईडिया/ मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के हस्ताक्षर | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

हस्ताक्षर

जिला शिक्षा अधिकारी

3. **<u>मण्डल उपनिदेशक, माध्यमिक शिक्षा,पाली हेतु</u>** :–

- राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन इस वर्ष दूरभाष पर ली गई स्वीकृति के अनुसार आबूपर्वत पर रखा गया है। मण्डल उप निदेशक(माध्यमिक) पाली आबूपर्वत मुख्यालय पर ऐसे प्रतिष्ठित विद्यालय में अयोजित करवाएंगे जहां कि प्रदर्शनी आयोजन हेतु पर्याप्त बडा हॉल, बडे कमरे हों। जिससे टैन्ट आदि लगाने की आवश्यकता नहीं रहे। अन्य सुविधाएं यथा स्वच्छ पानी, स्नानानागार, शौचालय, प्रतिभागियों के ठहरने–सोने आदि की उचित व्यवस्था हो, जो शहर के मध्य में प्रमुख स्थल पर स्थित हो जहां आसानी से पहुंचा जा सके। राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी हेतु तय किए गए स्थान की सूचना पत्र प्राप्ति के 03 दिवस में निम्न प्रारूप में निदेशालय को अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।

**<u>आयोजन स्थल की सूचना</u>**

| क्र.सं. | प्रदर्शनी आयोजन केन्द्र /विद्यालय का पूरा नाम व पता/ई–मेल पता मय संस्था के दूरभाष/मो.नं. | संस्था प्रधान का पूरा नाम व मोबाईल नं/ ई–मेल पता | भाग लेने वाले संभावित प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 |
| | | | |

हस्ताक्षर

मण्डल उपनिदेशक

www.rajteachers.com

- राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् राज्य स्तर पर भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी विद्यार्थी का विवरण, उनके द्वारा प्रस्तुत आईडिया/मॉडल के फोटोग्राफ सहित निम्न प्रारूप मे निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर को 03 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।

जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेने वाले विद्यार्थी

| क्र. सं. | विद्यार्थी का नाम एवं पिता का नाम | कक्षा | विद्यालय का नाम /पूरा पता मय ई–मेल पता/ मोबाईल नं | जिला | आईडिया/ मॉडल का संक्षिप्त विवरण | विद्यार्थी के साथ विद्यालय से आए शिक्षक/ शिक्षिका का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

हस्ताक्षर
मण्डल उपनिदेशक

- राज्य स्तर पर कुल प्रतिभागियों में से एन.आई.एफ. के वैज्ञानिकों एवं जूरी सदस्यों द्वारा सर्वश्रेष्ठ चयनित सम्भागी राष्ट्रीय स्तर प्रदर्शनी में भाग लेगें। उपनिदेशक (माध्यमिक शिक्षा) पाली राज्य स्तरीय इन्सपायर अवार्ड प्रदर्शनी के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् चयनित विद्यार्थियों की सूची निम्न प्रारूप में आईडिया/मॉडल का संक्षिप्त विवरण, प्रत्येक छात्र की दो रंगीन फोटो एवं प्रस्तुत आईडिया/मॉडल का रंगीन फोटो निदेशक,माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर को 03 दिवस में उपलब्ध करवाएंगे।
- राष्ट्रीय स्तरीय इंसपायर अवार्ड प्रदर्शनी का आयोजन माह– फरवरी,2018 के तृतीय अथवा चतुर्थ सप्ताह में संभवतया नई दिल्ली में होगा।

(नथमल डिडेल)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित की सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नया मेहरोली मार्ग, नई दिल्ली।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त आशय के आदेश समस्त उप निदेशक (प्रारंभिक) एवं जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) शिक्षा विभाग को प्रसारित करवाने की व्यवस्था करावें। समस्त विद्यार्थी आवश्यक रूप से भाग लेवें।
3. उप निदेशक(माध्यमिक)शिक्षा विभाग, पानी को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

3/01/18
प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com

# SCHEDULE OF DATES & PLACES FOR DLPEC & SLPEC IN RAJASTHAN

| SR NO | RANGE | DISTRICT | NO OF AWARDEES | DATE OF DLPEC | PLACE OF DLPEC | DATE OF SLPEC | PLACE OF SLPEC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | AJMER | AJMER | 53 | 05-02-2018 06-02-2018 | AJMER | 14-02-2018 15-02-2018 | MOUNT ABU (SIROHI) |
| | | BHILWARA | 18 | | | | |
| | | NAGOUR | 8 | | | | |
| | | TONK | 13 | | | | |
| Sub Total | | | **92** | | | | |
| 2 | BHARATPUR | BHARTPUR | 35 | 07-02-2018 08-02-2018 | BHARATPUR | | |
| | | DHOLPUR | 3 | | | | |
| | | KAROLI | 6 | | | | |
| | | SWAI MADHPOR | 4 | | | | |
| Sub Total | | | **48** | | | | |
| 3 | BIKANER | BIKANER | 25 | 09-02-2018 10-02-2018 | GANGANAGAR | | |
| | | GANGANAGAR | 163 | | | | |
| | | HANUMANGRH | 44 | | | | |
| Sub Total | | | **232** | | | | |
| 4 | CHURU | CHURU | 19 | 05-02-2018 06-02-2018 | CHURU | | |
| | | JHUNJHNU | 12 | | | | |
| | | SIKAR | 3 | | | | |
| Sub Total | | | **34** | | | | |
| 5 | JAIPUR | ALWAR | 41 | 07-02-2018 08-02-2018 | DOUSA | | |
| | | DOUSA | 33 | | | | |
| | | JAIPUR | 16 | | | | |
| Sub Total | | | **90** | | | | |
| 6 | JODHPUR | BARMER | 8 | 09-02-2018 10-02-2018 | CPCP | | |
| | | JAISLMER | 5 | | | | |
| | | JODHPUR | 16 | | | | |
| Sub Total | | | **29** | | | | |
| 7 | PALI | JALOR | 6 | | | | |
| | | PALI | 6 | | | | |
| | | SIROHI | 16 | | | | |
| Sub Total | | | **28** | | | | |
| 8 | KOTA | BARAN | 77 | 05-02-2018 06-02-2018 | BARAN | | |
| | | BUNDI | 17 | | | | |
| | | JHALAWAR | 38 | | | | |
| | | KOTA | 21 | | | | |
| Sub Total | | | **153** | | | | |
| 9 | UDAIPUR | BANSWARA | 33 | 07-02-2018 08-02-2018 | UDAIPUR | | |
| | | CHITORGRH | 10 | | | | |
| | | DUNGRPUR | 30 | | | | |
| | | PRATAPGARH | 0 | | | | |
| | | RAJSAMAND | 8 | | | | |
| | | UDAIPUR | 47 | | | | |
| Sub Total | | | **128** | | | | |
| Grand Total | | | **834** | | | | |

www.rajteachers.com